वर्ष- 3 , अंक- 181
छपरा
05 जून शुक्रवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

### टीसीएस के बाद विप्रो में धर्मांतरण का आरोप

## पीड़ित बोली : कर्मचारी ने इस्लाम अपनाने, मुस्लिम से संबंध बनाने को कहा, शिकायत की तो इस्तीफा लिया



**पुणे,एजेंसी।** पुणे की एक महिला ने विप्रो टेक्नोलॉजीज कंपनी पर धार्मिक उत्पीड़न, कार्यस्थल पर भेदभाव और जबरन इस्तीफा दिलाने के आरोप लगाए हैं। महिला पहले इस कंपनी में काम करती थी। ये आरोप पुणे में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लगाए गए। इस दौरान पूर्व कर्मचारी ने उन घटनाओं के बारे में बताया, जो उसके साथ उस समय हुई थीं जब वह हिंजवडी ऑफिस में काम करती थी।

इसके बाद पुणे के हिंजवडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पूर्व कर्मचारी के वकील ने बताया कि कंपनी को कानूनी नोटिस भी भेजा गया है। उन्होंने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

**पीड़ित महिला ने कहा:** अगस्त 2025 में कंपनी की एक टीम मीटिंग में बुलाया गया था। इस दौरान मुझ पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया गया। मुझे अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया और इस्तीफा ले लिया गया।

महिला बोली- ऑफिस में इस्लाम अपनाने का दबाव दिया जाता था पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसकी एक महिला सहकर्मी कई बार उस पर इस्लाम अपनाने और एक मुस्लिम पुरुष के साथ संबंध बनाने का दबाव डालती थी। उसका कहना है कि सहकर्मी बार-बार उसकी निजी जिंदगी में दखल देती थी और उसे हिंदू धर्म छोड़ने के लिए कहती थी। महिला के अनुसार, सहकर्मी कहती थी कि ऐसा करने से उसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी और उसे विदेश जाने के अवसर मिलेंगे।

## पंजाब के 5 मंदिरों को उड़ाने की धमकी

### इनमें दुर्ग्याणा, काली माता, देवी तलाब मंदिर भी; लिखा- संत भिंडरावाले की शहादत पर लड्डू बांटे थे

**मोहाली,एजेंसी।** पंजाब के 5 मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसमें दुर्ग्याणा मंदिर, मुक्तेश्वर मंदिर, देवी तलाब मंदिर, माइसरखाना मंदिर, काली देवी मंदिर का नाम शामिल है। ईमेल में लिखा- दोपहर 1:11 से 3:11 बजे के बीच धमाके होंगे। 6 जून 1984 को गोल्डन टेंपल पर हुए अटैक बदला लेंगे।

इसके अलावा चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। गुरुवार को सचिवालय के कंट्रोल रूम को एक ई-मेल मिला, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं।

सचिवालय और मंदिरों के आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, पुलिस और साइबर सेल की टीमें धमकी भरे ई-मेल की जांच में जुटी हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ई-मेल किस आईडी से भेजा गया और इसके पीछे कौन लोग हैं।

## समुद्र में बढ़ेगी भारत की ताकत, नेवी में शामिल होंगे 4 स्वदेशी युद्धपोत और एक सर्वे शिप



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय नौसेना इस महीने अपने बेड़े में पांच स्वदेशी हथियार को शामिल करने की तैयारी कर रही है। इनमें दो प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट, सर्वेक्षण पोत और दो पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान शामिल हैं। मेड इन इंडिया के तहत बने ये जहाज समुद्री सुरक्षा, युद्ध तत्परता और तटीय रक्षा को काफी मजबूत करेंगे।

ये इंडक्शन परिशोधित नौसैनिक ताकत को देश के भीतर ही डिजाइन और निर्माण करने की भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाते हैं, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम होगी। नौसेना में शामिल होने वाले पांच प्लेटफॉर्मों में से चार का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। वहीं पांचवां जहाज, आईएनएस महेंद्रगिरि, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है।

औपचारिक रूप से चालू होने के बाद, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस महेंद्रगिरि, सर्वेक्षण पोत संशोधक और एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रय और मालवन नौसेना को उन्नत स्टील्थ, बेहतर पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं और उन्नत महासागर निगरानी प्रदान करेंगे।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी क्षमता**

आईएनएस दूनागिरी जीआरएसई द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट है। यह युद्धपोत आधुनिक सेंसर, परिष्कृत हथियार प्रणालियों और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध सुविधाओं से लैस है। आईएनएस महेंद्रगिरि भी इसी श्रेणी का दूसरा प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट है।

दोनों युद्धपोत स्वदेशी युद्धपोतों की एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका उद्देश्य भारत की समुद्री शक्ति को बढ़ाना, युद्धक पहुंच बढ़ाना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्लू-वाटर क्षमताओं का विस्तार करना है। ये दोनों ही पोत सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल, बराक-8 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, शुरुआती खतरे का पता लगाने और ट्रैकिंग के लिए शक्तिशाली एमएफ-स्टार एईएसए रडार, और आधुनिक टॉरपीडो ट्यूब एवं रॉकेट लॉन्चरों से लैस होंगे।




# बिहार के मुजफ्फरपुर में हॉस्पिटल में आग, 5 की मौत

**● खिड़की-दरवाजे तोड़कर मरीजों का रेस्क्यू ● हादसे पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने साधी चुप्पी**

**बेड पर लोग छटपटा रहे थे, स्टाफ भाग गया...** स्थानीय निवासी धीरज गिरी ने बताया, 'मैं अस्पताल की छत पर सो रहा था। अचानक चिल्लाने की आवाज आई। नीचे आकर देखा तो लोग जान बचाने के लिए छटपटा रहे थे। कुछ लोग अस्पताल के स्टाफ को डांट रहे थे। वार्ड में धुआं इतना ज्यादा था कि कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।' परिजन का ये भी आरोप है कि आग लगने के बाद अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी मरीजों को तड़पता छोड़कर भाग गए।

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक प्राइवेट अस्पताल के ICU में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। हादसा बुधवार रात करीब 3 बजे हुआ। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद ICU में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने का आरोप लगाया। परिजन अपने मरीजों को स्ट्रैचर से बाहर ले जाते दिखे। ICU वार्ड 5वीं फ्लोर पर है, जिसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आई। दमकलकर्मियों ने ICU और अस्पताल के दूसरे वार्डों में फंसे मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला। तीन मृतकों की पहचान हो गई है, जिनमें, गीता देवी, चंचला कुमारी, 57 साल के उदय कुमार, 30 साल के शशांक कुमार शामिल हैं। एक की पहचान नहीं हो पाई है।

सीएम सम्राट चौधरी ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से हादसे पर सवाल किया गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा भी थे। दोनों आज दिल्ली के निकल गए। हालांकि एक घंटे बाद निशांत ने हादसे पर दुख जताया।

**93 साल की मरीज ने आग लगने की जानकारी दी:** चश्मदीदों का आरोप है कि, मौत का आंकड़ा छिपाने के लिए पुलिस घटनास्थल से जल्दबाजी में शवों को लेकर चली गई। लोगों का कहना है कि अगर आग लगने के बाद समय पर पानी की व्यवस्था की गई होती तो मृतकों की संख्या कम हो सकती थी। ICU में एडमिट 93 साल की राधा देवी ने बताया, 'मैं ICU में एडमिट थी। अचानक वार्ड में धुआं उठने लगा। मैंने तुरंत अपना ऑक्सीजन मास्क हटाया और वार्ड से बाहर आ गई।

बाहर आकर गार्ड को जानकारी दी कि अंदर आग लगी है।'

## दिल्ली होटल आग, मालिक बोला- डरकर भागा

### जलती इमारत के पास से गुजरा था, किसी को बचाया नहीं; 21 जानें गईं थी



नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में गिरफ्तार मालिक लवकेश बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया।

## ललित मोदी बोले: मैं भगोड़ा नहीं, पूरी दुनिया घूम रहा

### भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी, आप उनसे पंगा नहीं ले सकते



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि उनके लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से इस्तेमाल किया गया। उनके खिलाफ आज तक कोई केस नहीं हुआ है।न्यूज एजेंसी को गुरुवार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने आगे कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं।

मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हू। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।आईपीएल को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इसको लेकर हमेशा से पैशनेट रहा। आखिरकार आईपीएल मेरे बच्चे जैसा है। मैं भले ही उससे जुड़ा हूं या नहीं, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मेरे पिता अच्छे बिजनेसमैन थे लेकिन आज मेरे परिवार को ललित मोदी की वजह से जाना जाता है।


## पीएम मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेलसी रोड्रिगेज से की मुलाकात



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। नेताओं की यह मुलाकात हैदराबाद हाउस में हुई। संभावना जताई जा रही है कि दोनों नेताओं ने भारत-वेनेजुएला संबंधों के कई आयामों पर चर्चा की। इनमें ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## हिमाचल कूल वेदर में समर वेकेशन एंजॉय कर रहे टूरिस्ट

### सैलानी ने शिमला को 'क्वीन ऑफ हिल्स' बताया, होटलों में ऑक्यूपेंसी 70% तक पहुंची



05+06 शिमला,एजेंसी ।देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही गर्मी के बीच बड़ी संख्या में टूरिस्ट हिमाचल प्रदेश का रुख कर रहे हैं। राज्य के टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर इससे रौनक बढ़ी है। शिमला, मनाली, कुफरी, कसौली और नारकंडा जैसे पर्यटन स्थलों पर इन दिनों पर्यटकों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है और सुहावने मौसम का आनंद उठा रहे हैं।

कोलकाता से कुफरी के महासू पीक पहुंचे टूरिस्ट ने बताया कि शिमला बहुत अच्छा है। यहां का मौसम भी सुहावना है। वह, 10 दिन के लिए हिमाचल टूर पर हैं। शिमला के बाद मनाली जाने का प्लान है। कोलकाता की महिला टूरिस्ट ने शिमला को सच में 'क्वीन ऑफ हिल्स' बताया ।टूरिस्ट के पहाड़ों का रुख करने से होटलों में 50 से 70 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी हो गई है।

## मानसून केरलम पहुंचा, इस बार 3 दिन लेट

### 7 दिन तक भारी बारिश का अनुमान; म.प्र.-राजस्थान समेत 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल/जयपुर/ देहरादून,एजेंसी।** मानसून की केरलम में एंट्री हो गई है। इसके असर से केरलम के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में कुछ जगहों पर अगले 7 दिन भारी बारिश हो सकती है। अगले 2-3 दिन में मानसून पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। इस बार मानसून 3 दिन लेट है। आमतौर पर यह 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है।

17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है।



**13 साल में 7वीं बार लेट हुआ मानसून**

मानसून की लेट-लतीफी पिछले कई सालों से जारी है। पिछले 13 साल में यह 7वीं बार है जब मानसून लेट हुआ है। IMD के आंकड़ों के मुताबिक बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें अलग-अलग रही हैं।

## ईरान जंग रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी हाउस में पास

### संसद की मंजूरी बिना सैन्य कार्रवाई पर रोक की मांग; ट्रम्प ने कहा था- जंग मेरा फैसला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।**अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान रोकने से जुड़ा प्रस्ताव पास कर दिया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस की मंजूरी के बिना सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में यह प्रस्ताव 215-208 वोटों से पारित हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स के साथ वोट देकर ट्रम्प के खिलाफ रुख अपनाया।



प्रस्ताव के तहत ट्रम्प को ईरान के खिलाफ आगे की सैन्य कार्रवाई के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेनी होगी। मंजूरी नहीं मिलने पर अमेरिकी सैन्य बलों को वापस बुलाने की मांग की गई है। यह प्रस्ताव अब सीनेट में जाएगा। वहां मंजूरी मिलने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। हालांकि माना जा रहा है कि ट्रम्प इस प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं।

इससे पहले ट्रम्प ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के खिलाफ कार्रवाई का फैसला उन्होंने खुद लिया था। उन्होंने कहा था, 'किसी ने मुझे इसके लिए उकसाया या प्रभावित नहीं किया।

## तमिलनाडु सरकार का सख्त एक्शन, 155 खदानों में गड़बड़ी मिलने के बाद ड्रोन से निगरानी की तैयारी

**चेन्नई,एजेंसी।**तमिलनाडु के भूविज्ञान और खनन विभाग ने राज्यभर में खदानों की निगरानी के लिए उन्नत तकनीक से लैस ड्रोन का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। हाल ही में किए गए निरीक्षण अभियान में बड़ी संख्या में नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।



**नियमों के उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अभियान शुरु:**यह फैसला पिछले सप्ताह प्राकृतिक संसाधन विभाग की ओर से किए गए औचक निरीक्षणों के बाद लिया गया। इन निरीक्षणों में राज्य के अलग-अलग जिलों की 155 खदानों में अनियमितताएं पाई गईं।अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन आधारित निगरानी से अवैध खनन पर रोक लगाने और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्राकृतिक संसाधन मंत्री टी.के. प्रभु ने खुद तेनकासी, कन्याकुमारी, विरुधुनगर और मदुरै जिलों की खदानों का निरीक्षण किया। यह अभियान खनन क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए चलाया गया था।

## संभल दंगे- मारे गए शख्स के परिवार को जमीन दी

### 1978 में हत्या करके कुएं में लाश फेंक दी थी, मंत्री बोले- संभल आज आजाद हुआ



**संभल,एजेंसी।** संभल के 1978 के दंगा पीड़ित परिवारों को खाली कराई गई कब्रिस्तान की 3 बीघा जमीन पर बसाया जा रहा। गुरुवार को दंगा पीड़ित रामशरण रस्तोगी के परिवार को 100 वर्ग मीटर जमीन का पट्टा दिया गया।

**मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा-** संभल में 48 साल पहले जिनके आशियाने जलाए गए, आज उनके आंसू पोंछने आया हूं। न जाने कितनी पीढ़ियां इंतजार करते-करते गुज़र गईं। भारत 1947 में आजाद हुआ था। लेकिन सही मायने में संभल आज के दिन आज़ाद हुआ है।

इसके पहले प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने रामशरण रस्तोगी की बहू रुक्मिनी को पट्टे की जमीन का प्रमाण-पत्र दिया। मंत्री ने रुक्मिनी और उनके बेटे कपिल के साथ जमीन का भूमि-पूजन भी किया।

कब्रिस्तान से खाली कराई गई जमीन कोतवाली क्षेत्र के शेर खां सराय गांव में टीले वाली मस्जिद के पास है। कार्यक्रम में मुरादाबाद कमिश्नर आनजनेय कुमार सिंह, डीएम अंकित खंडेलवाल और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई भी मौजूद थे।




## बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी का नाम वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय होगा

### कार्य परिषद ने दी मंजूरी, राज्यपाल को भेजा प्रस्ताव ; अकादमिक ढांचा भी बदलेगा

**भोपाल,एजेंसी।**भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने की कवायद एक कदम और आगे बढ़ गई है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद (ईसी) ने बुधवार को संस्थान का नाम 'वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद प्रस्ताव राज्यपाल और कुलाधिपति मंगुभाई पटेल के पास भेज दिया गया है।ईसी की बैठक में तर्क दिया गया कि राजा भोज का नाम प्रदेश की ऐतिहासिक और बौद्धिक विरासत का प्रतीक है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय को उनके नाम से जोड़ने की बात रखी गई।

सिर्फ नाम ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के अकादमिक ढांचे में भी बदलाव तय किए गए हैं। अरबी और पर्शियन जैसे पारंपरिक विषयों को एक साथ लाकर 'तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति विभाग' के रूप में पुनर्गठित किया जाएगा।किसी सरकारी विश्वविद्यालय का नाम बदलना सिर्फ घोषणा भर नहीं होता, बल्कि इसके लिए पूरी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। सबसे पहले विश्वविद्यालय की कार्य परिषद या एग्जीक्यूटिव काउंसिल में नाम परिवर्तन का प्रस्ताव रखा जाता है। परिषद से मंजूरी मिलने के बाद यह प्रस्ताव राज्य के उच्च शिक्षा विभाग और फिर सरकार के पास भेजा जाता है।अधिकांश सरकारी विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा बनाए गए अधिनियमों के तहत संचालित होते हैं, इसलिए नाम बदलने के लिए संबंधित कानून में संशोधन जरूरी है। इसके लिए विधानसभा में संशोधन विधेयक पेश किया जाता है। विधानसभा से विधेयक पारित होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद सरकार राजपत्र में अधिसूचना जारी करती है।अधिसूचना प्रकाशित होते ही विश्वविद्यालय का नया नाम आधिकारिक रूप से लागू हो जाता है। इसके बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट, डिग्री, प्रमाणपत्र, रिकॉर्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में नया नाम अपडेट किया जाता है।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 मरीजों की हुई जांच, स्वास्थ्य जागरूकता का दिया गया संदेश

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत के एकमा बाजार स्थित सभा कक्ष में जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट, हंसराजपुर (एकमा) के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में किया गया। शिविर में करीब 100 मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, सीओपीडी, हीमोग्लोबिन तथा यूरिक एसिड की जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं विभिन्न बीमारियों सहित मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. के. डी. यादव, डॉ. पी. कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आर. कुमार, डॉ. अमित महतो, रंजीत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार मिश्रा, पीयूष कुमार, सोनू कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।स्वयंसेवी संस्था के अध्यक्ष डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव ने शिविर में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने दूर-दराज से पहुंचे मरीजों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने लोगों से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## मजदूर की 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार के चपेट में आने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर तिवारी टोला गांव में गुरुवार को शौचालय की सेंट्रिंग का कार्य कर रहे एक मजदूर की 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक जैतपुर नयका टोला निवासी ललन राम का 20 वर्षीय पुत्र अनूप राम बताया जाता है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूप राम गांव के हीं एक ठेकेदार के साथ  जैतपुर तिवारी टोला स्थित गुड्डू अंसारी के घर मजदूरी करने गया था। वहां शौचालय की सेंट्रिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मकान की छत के बिल्कुल करीब से गुजर रही 11 हजार वोल्ट के धारा प्रवाहित हाईटेंशन तार चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने उसे इलाज के लिए नजदीक के एक अस्पताल में पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।बताया जाता है कि अनूप राम रोजी-रोटी के लिए गुजरात में मजदूरी करता था और महज दो दिन पहले हीं अपने घर लौटा था। गुरुवार को वह मजदूरी करने गया था, जहां यह दर्दनाक हादसा हो गया। अनूप तीन भाइयों में मंझला था। उसकी मौत की खबर मिलते ही माता बिंदु देवी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई।घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मुखिया प्रतिनिधि डीएन राम ने बताया कि मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। अनूप मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उन्होंने विद्युत विभाग और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बिजली का करंट का झटका लगने से एक मजदूर घायल

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।**स्थानीय थाना क्षेत्र के खोरीपाकर खर्ग गांव स्थित बन रहे फ्लावर मिल में वेल्डिंग करने के दौरान बिजली का करंट का झटका लगने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे आनन फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से उपचार के लिए अमनौर सीएचसी में भर्ती कराया गया. घायल मजदूर खोरीपाकर खर्ग गांव के रामलगण साह के 35 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार साह बताया गया है. इधर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रंजय कुमार साह फ्लावर मिल के उपर वेल्डिंग का काम कर रहा था तभी उसे बिजली का करंट लग गया. जिससे वह छत से नीचे गिर गया. जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी. स्थानीय लोगों व परिजनों ने उसे उपचार हेतु स्थानीय सीएचसी में ले गए.

## दुबौली गांव से युवती रहस्यमय ढंग से गायब

**दैनिक खोज खबर पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के दुबौली गांव से एक युवती के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि 21 वर्षीया युवती बुधवार की रात खाना खाकर सोयी थीं. गुरुवार की अहले सुबह 4 बजे जब परिजन जगे तो वह अपने बिस्तर से गायब थीं. इस मामले में गायब युवती की मां ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है एवं उसका इलाज चल रहा है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मशरक में अलग अलग दुर्घटना में किराना दुकानदार समेत तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग इलाकों में सड़क दुघर्टना में किराना दुकानदार समेत तीन लोग घायल हो गए। महावीर चौक पर किराना व्यापारी को अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दी जिसमें व्यापारी मशरक तख्त टोला गांव निवासी ध्रुव प्रसाद घायल हो गए। घटना के बारे में बताया गया कि किराना व्यापारी की स्टेशन रोड में दुकान हैं। वे पंखा की मरम्मत कराने यदु मोड़ जा रहें थे कि महावीर चौक पर ऑटो ने टक्कर मार दी। सियरभुक्का गांव में जन्मदिन में शामिल हो केक लेकर घर जा रही 8 वर्षीय बच्ची को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें संजय राम की 8 वर्षीय पुत्री रागनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पटना रेफर कर दिया गया। वहीं महाराणा प्रताप चौंक निवासी बाइक सवार संजय कुमार पिता प्रभु राय हसनपुरा में अज्ञात वाहन की टक्कर में घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ और बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## दक्षिण टोला में आपसी विवाद में मारपीट में एक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के दक्षिण टोला गांव में आपसी विवाद में मारपीट में एक व्यक्ति को घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बनौरा गांव निवासी 35 वर्षीय रंजीत राय है। घटना के बारे में बताया गया कि वे रिश्तेदारी में आए थें कि किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ और मारपीट हो गई।

## बच्चों की झगड़ा छुड़ाने गई विकलांग महिला हुई घायल, दो लोग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के सैदपुर वार्ड 8 में एक विकलांग महिला की साथ गांव की ही  एक घर के परिवार मारपीट कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल अवस्था में सुनीता देवी पति संजय महतो को सोनपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया जहां उसका सर फट गया एवं पैर की हड्डी टूट गई। इस संबंध में पीड़ित महिला ने पहलेजा थाने में लक्ष्मण राम, जीतू कुमार सहित अन्य लोगों को आरोपित करते हुए थाने में आवेदन दिया कि उसकी गोतनी के बच्चे के साथ लक्ष्मण राम के घर के बच्चे खेलकूद कर रहे थे।

# सोनपुर के सबलपुर में कटावरोधी कार्य की धीमी गति पर ग्रामीणों में नाराजगी



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड अंतर्गत संगमधाम सबलपुर में गंगा नदी के कटाव से बचाव के लिए चल रहे बोल्डर पिचिंग एवं कटाव रोधी कार्य की धीमी गति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यस्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति पर चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा नहीं हुआ तो आगामी बाढ़ के दौरान पूरा कार्य प्रभावित हो सकता है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ क्षेत्र को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। निरीक्षण के दौरान किसान नेता ब्रज किशोर शर्मा, धर्मनाथ शर्मा, पूर्व मुखिया दीपक शर्मा, कुमार अरुणेश, रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, शेखर राय, जगत राय, पवन शर्मा, पंकज शर्मा सहित कई दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों के अनुसार कार्यस्थल पर पहली बार संवेदक उपस्थित हुए थे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनसे कार्य की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर जानकारी लेने का प्रयास किया। इस दौरान संवेदक ने निरीक्षण के बाद 10 मिनट में लौटकर बातचीत करने की बात कही, लेकिन वे दूसरे रास्ते से वहां से निकल गए। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यस्थल पर पर्याप्त श्रमिकों, मशीनरी और निर्माण सामग्री के बीच समुचित समन्वय का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिसके कारण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। लोगों ने कहा कि जनता अपनी समस्याओं और आशंकाओं को लेकर किससे संपर्क करे, यह समझ से परे है। समाजसेवी एवं रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रविवार तक कार्यस्थल पर पर्याप्त श्रमबल, निर्माण सामग्री एवं मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित कर युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो रविवार से कार्यस्थल पर शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन इस प्रकार संचालित किया जाएगा कि निर्माण कार्य बाधित न हो, लेकिन प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग तक जनता की वास्तविक पीड़ा, चिंता और असंतोष का संदेश अवश्य पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सबलपुर की जनता अब केवल आश्वासनों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले ठोस कार्यों पर विश्वास करेगी। पूर्व की भांति किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा संभावित गड़बड़ी को इस महत्वपूर्ण जनहितकारी परियोजना में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से मांग की है कि कटाव रोधी कार्य में तत्काल तेजी लाई जाए। और इसे प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए, ताकि संभावित बाढ़ एवं कटाव से सबलपुर दियारा क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

## किसान के बेटे ने नौसेना की नौकरी छोड़ बने गृह मंत्रालय में स्पेशल ऑफिसर



दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सारण जिले के सोनपुर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के एक किसान परिवार के बेटे ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर ऐसी सफलता हासिल की है, जो आज ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। किसान अवधेश सिंह के पुत्र राजीव कुमार सिंह का चयन संघ लोक सेवा आयोग (क्नक्रष्ट) के माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्रालय में स्पेशल ऑफिसर के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। राजीव कुमार सिंह की सफलता संघर्ष, धैर्य और लगातार प्रयासों की मिसाल है। वर्ष 2007 में भारतीय नौसेना में भर्ती होकर उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक देश की सेवा की। नौसेना में रहते हुए भी उनके मन में सिविल सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने का सपना था। इसी लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने वर्ष 2022 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर यूपीएससी की तैयारी शुरू की और अंततः सफलता हासिल कर ली। राजीव वर्ष 2013 और 2014 में उन्होंने यूपीएससी की असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन अंतिम चयन से मामूली अंतर से चूक गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत करते रहे।

वर्षों के संघर्ष और समर्पण का परिणाम आखिरकार तब मिला जब उनका चयन गृह मंत्रालय में स्पेशल ऑफिसर के पद पर हुआ। देश सेवा राजीव के परिवार की पहचान रही है। उनके चाचा रमेश कुमार सिंह भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जबकि बड़े भाई रणधीर कुमार सिंह और छोटे भाई संजीव कुमार सिंह वर्तमान में नौसेना में कार्यरत हैं। परिवार के सदस्यों ने उनकी सफलता को अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतिफल बताया। राजीव की उपलब्धि पर गोपालपुर पंचायत, सोनपुर प्रखंड और पूरे सारण जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक किसान परिवार से निकलकर देश के गृह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता ग्रामीण परिवेश के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। राजीव कुमार सिंह को बधाई देने वालों में सुधीर कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, राजीव सिंह चुन्नू, मनोज सिंह, रमेंद्र सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, संजीत कुमार पत्रकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक शामिल हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

## उच्च क्षमता के विधुत पोल लगानें से ग्रामीण आक्रोशित, सहमति को होंगी बैठक



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के नवादा गांव में उच्च क्षमता के विधुत पोल लगानें पर आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च क्षमता का 1 लाख 32 हजार वोल्ट का पावर लगाया जा रहा है जो गांव के बीचोंबीच से गुजर रहा है। वहीं विभाग के लोग बिना परमिशन लिए ही जबरदस्ती पोल लगानें को कार्य कर रहे हैं जिसका सभी विरोध जता रहे हैं। वहीं सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।  अगली तिथि 5 जून को रखी गई जिसमें जिले के वरीय पदाधिकारियों को भी बुलाकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर समाधान करने की बात बताई गई।

## विशम्भरपुर में आयुष्मान भारत कार्ड का किया गया वितरण



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** स्थानीय प्रखंड के विशम्भरपुर पंचायत अंतर्गत विशम्भरपुर गांव में आयुष्मान भारत कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय सरपंच के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोग से एलएनजी पेट्रोनेट और रूरल यूथ कोऑर्डिनेशन द्वारा 128 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड सौंपे गए।

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व सांसद के निर्देश पर इसी स्थान पर उनकी टीम द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क पंजीकरण किया गया था। कार्ड बनकर तैयार होने के बाद अब उसी स्थान पर शिविर लगाकर इसका वितरण किया गया।

कार्ड वितरण भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, समाजसेवी व अधिवक्ता शुभम शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह और अधिवक्ता शुभम शर्मा ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी लगातार जनहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए गांव-गांव कैंप लगाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

विपरीत परिस्थितियों और बीमारी के समय यह कार्ड गरीब परिवारों के लिए अत्यंत मददगार साबित हो रहा है। समारोह में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा, युवा मोर्चा के सुमंत बाबा, रंजीत सिंह, बालेश्वर सिंह, लालबाबू सिंह, महिला मोर्चा की रत्ना देवी, विकास सिंह, आकाश सिंह, शशि सिंह, कन्हैया राम और बदरुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिकारपुर में स्नान करने के दौरान एक व्यक्ति डूबा, खोजबीन जारी




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर के वार्ड 10 के अखिलेश पंडित पूर्व भूलन पंडित (उम्र 45 वर्ष करीब ) पिता त्रिवेणी पंडित जो शिकारपुर धंतोली गंगा घाट पर बीते रात गर्मी ज्यादा पड़ने के कारण स्नान करने गया था. इसी बीच पैर पिछलने से वह गहरे पानी में जाने से वह डूब गया.जहां उपस्थित स्नान कर रहे लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन वह उसका पता नहीं चल सका।

इस घटना की जानकारी गांव में मिलते ही गांव में हाहाकार मच गया जबकि घर परिजनों को रो-रो के बुरा हाल है। इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना व प्रशासन, एसडीआरएफ की टीम को ग्रामीणों ने दी.जहां गुरुवार के 11 बजे के बाद खोजबीन  शुरू कर दी। वही सोनपुर राजस्व अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि अखिलेश पंडित स्नान करने गया था जहां वह डूब गया है जिसके खोजबीन एसडीआरएफ की टीम कर रही है. गुरुवार के देर शाम तक डूबे हुए व्यक्ति का कोई पता नहीं चला है अगले दिन फिर सर्च अभियान चलाया जाएगा। वही पूर्व मुखिया गगन शाह सरपंच पनपति देवी, समाजसेवी वीरू कुमार सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि एसडीआरएफ टीम के सोनपुर में व्यवस्था नहीं रहने के कारण डूबे हुए लोगों को खोजबीन करने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां स्थाई रूप से सोनपुर में एक एसडीआरएफ कार्यालय की तैनाती हो अथवा हाजीपुर एसडीआरएफ को सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के कार्य प्रणाली सौप देने से तत्काल कोई भी व्यक्ति अगर डूबते हैं तो वैसे स्थिति में उसकी खोजबीन करने में आसानी होगी। क्योंकि एसडीआरएफ  टीम के पानापुर में कार्यालय रहने के कारण सोनपुर आने में उन्हें घंटों समय लग जाते हैं। लोगों ने सरकार से मांग किया है कि सोनपुर में एसडीआरएफ की टीम की तैनाती होनी चाहिए।



## नारायणी पथ परियोजना को तकनीकी स्वीकृति, 2901 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी बाकरपुर-डुमरिया घाट फोरलेन सड़क

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की पहल पर बाकरपुर-डुमरिया घाट फोरलेन सड़क परियोजना (नारायणी पथ) के निर्माण को लेकर सफलता मिली है। बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस परियोजना के लिए तैयार ?2901.45 करोड़ के प्राक्कलन को तकनीकी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव को पथ निर्माण विभाग के पास भेज दिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से सारण और गोपालगंज जिले के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी,



जिससे स्थानीय व्यापार, कृषि, पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क परियोजना उत्तर बिहार के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासनिक मंजूरी मिलते ही इस फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जाएगा। सांसद ने आगे कहा कि हरिहरनाथपुरम, सारण सैटेलाइट टाउनशिप, हरिहरनाथ कॉरिडोर, सोनपुर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, नया सिक्स-लेन पुल और गंगा-अम्बिका भवानी पथ जैसी बड़ी योजनाओं के साथ नारायणी पथ भी सारण क्षेत्र के आधुनिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस को मिलेगी नई ताकत, दरियापुर में विस्तारित बैठक आयोजित




**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक संगठन सृजन अभियान को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित परिक्षण चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तरुण तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद हैदर आलम ने कहा कि आज युवा, किसान, मजदूर और आम जनता केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा पुनः कांग्रेस पार्टी की ओर बढ़ रहा है। नए लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐप के माध्यम से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस के वरीय नेता एवं जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को ऐप के उपयोग और अभियान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी को ऊर्जावान और समर्पित स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मिलेंगे, जो अपनी क्षमता के अनुसार संगठन में भूमिका निभाएंगे। इससे कांग्रेस की पहुंच बिहार में बूथ स्तर तक मजबूत होगी। बैठक में गिरजा प्रसाद राय, राम परिक्षण शर्मा, सतेंद्र कुमार राय, दीपक कुमार, महेश राय, फतिंगन मिश्रा, ललन कानन सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई।

## मोबाइल टॉवर पर चढ़ने के मामले में युवती पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**प्रखंड क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में मोबाइल टॉवर पर चढ़कर हंगामा करने के मामले में खैरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है.टॉवर के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले स्थानीय निवासी सुमन दयाल सिंह ने इस संबंध में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है.दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि उनकी निजी जमीन पर मोबाइल टॉवर स्थापित है.बीते दिनों लगभग 22 वर्षीय ममता कुमारी टॉवर को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उस पर चढ़ गई थी.उनके अनुसार इस घटना से टॉवर के नेटवर्क एवं तकनीकी व्यवस्था को क्षति पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई थी.साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर वे भी कानूनी एवं अन्य परेशानियों में फंस सकते थे.ज्ञात हो कि युवती के टॉवर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया था.मौके पर खैरा पुलिस, प्रखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया था, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई.इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## नलजल विवाद को लेकर वार्ड सदस्य से मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरदहियां में नलजल योजना के संचालन और देखरेख को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। इस विवाद में दामोदरपुर वार्ड संख्या एक के वार्ड सदस्य सैफ अली के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने बुरी तरह मारपीट की. घटना के संबंध में पीड़ित वार्ड सदस्य ने बताया कि नलजल व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए गुरुवार को मुखिया प्रतिनिधि अमरजीत प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई थी. इसी दौरान अचानक दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए.स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया है.

## बिजली का तार टूटकर गिरा, झोपड़ी जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के रामपुररूद्र गांव में बुधवार की रात बिजली का तार टूटकर एक झोपड़ी पर गिर गया और झोपड़ी में आग लग गयी. बताया जाता है कि बुधवार की रात करीब एक बजे जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे. उसी दौरान बिजली के शार्ट सर्किट के कारण 440 वोल्ट का तार टूटकर मनोज सिंह के झोपड़ीनुमा बथान पर गिर गया जिससे आग लग गयी. झोपड़ी में भूसा रखे होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आग की लपटें देख लोग नींद से जगे. इस बीच ग्रामीणों ने पावर सब स्टेशन फोन कर विद्युत सेवा बंद कराया. वही सूचना पाकर स्थानीय थाने से फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची एवं आग पर काबू पाया. अगर ग्रामीण तत्परता नहीं दिखाते तो आग अगल बगल के घरों को भी अपनी आगोश में लेता।

# मशरक सीएचसी में महिला स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में महिला स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, ड्यूटी व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा गर्मी के मौसम में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, प्रियांशु प्रकाश, बीसीएम लव कुश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहीं।प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने निर्धारित कार्यस्थल पर समयानुसार ड्यूटी करें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध जिला स्तर पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और चमकी बुखार की आशंका को देखते हुए सीएचसी में विशेष तैयारी की गई है। मरीजों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ



ही आम लोगों से दोपहर की तेज धूप से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ओआरएस, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा गर्मी के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

बाहर निकलने पर सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढककर रखें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और बच्चों, बुजुर्गों तथा गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, अत्यधिक पसीना आना या पसीना बंद हो जाना, सिरदर्द, उल्टी तथा बेहोशी हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाएं, शरीर को ठंडा करें और तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सहायता लें। उन्होंने कहा कि सावधानी और जागरूकता से ही हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

## किसानों को प्राकृतिक खेती और संतुलित पोषण से संबंधित किया गया जागरूक

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।**किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आरपीसीएयू कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के तहत सारण जिले के बनियापुर प्रखण्ड के भूमिहारा एवं पिठौरी गांव में एक दिवसीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में लगभग 50 महिला एवं पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध खेती की आधारशिला है। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, भारत सरकार एवं बिहार सरकार की कृषि योजनाओं, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन तथा हरी खाद के उपयोग एवं उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लैंड लेजर लेवलर से खेतों के समतलीकरण से संबंधित लाभ बताया। उन्होंने कहा कि इससे सिंचाई जल की बचत होती है तथा फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। वहीं पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने किसानों को किसान सारथी ऐप के उपयोग तथा धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों के प्रभावी प्रबंधन की जानकारी दी। इफको के प्रतिनिधि संदीप कुमार ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग, लाभ एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में किसानों को संदेश दिया गया कि मिट्टी को बचाकर, संसाधनों का संतुलित उपयोग कर और प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही कृषि को लाभकारी एवं भविष्य सुरक्षित बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में विनय सिंह, विपिन सिंह, पातीराम सिंह, दुर्गा सिंह, आकाश राज, रामराज सिंह सहित कई किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के राकेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 500 स्काउट और गाइड जिला स्तरीय एकता शिविर में लेंगे भाग, 15 जून से छपरा में आयोजन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत स्काउट और गाइड, सारण के तत्वावधान में आगामी 15 जून से 19 जून 2026 तक सेंट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा के परिसर में पांच दिवसीय जिला स्तरीय एकता शिविर-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सारण जिले के सभी 20 प्रखंडों से लगभग 500 स्काउट एवं गाइड शामिल होंगे। यह जानकारी आयोजकों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इस एकता शिविर के जरिए प्रतिभागियों को सीखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि इस पांच दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। शिविर के दौरान शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके अलावा शिविर में पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता, यूथ फोरम, फूड प्लाजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक सेवा तथा विभिन्न साहसिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

## श्रद्धांजलि स्व. सुरेन्द्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर लोगों ने डाला प्रकाश



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** प्रखण्ड के परशुरामपुर गांव निवासी व बड़े व्यवसायी स्व. सुरेन्द्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया गया। मालूम हो कि स्व. सुरेन्द्र सिंह गांव से बाहर अपना व्यवसाय खड़ा करने के बाद भी गांव के विकास व गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़ा रहते थे।

श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया वहीं उनके व्यक्तित व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे नेक दिल इंसान थे।

## काली सूची में दर्ज एजेंसी को काम देने का आरोप

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर पंचायत मढ़ौरा में सफाई व्यवस्था को लेकर एक आरोप सामने आया है. वार्ड संख्या 14 के पार्षद सत्येंद्र कुमार समेत नौ पार्षदों ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर मुख्य पार्षद पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया है. शिकायत के अनुसार, विभागीय मापदंडों को ताक पर रखकर बिहार सरकार के गृह विभाग द्वारा काली सूची में दर्ज 'गोस्वामी सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड' को मैनपावर सप्लाई का कार्य सौंप दिया गया है. पार्षदों का आरोप है कि निजी फायदे के लिए ई-टेंडर घोटाला किया गया है, जिसके कारण पिछले एक महीने से नगर के सभी 16 वार्डों में सफाई कार्य, डोर-टू-डोर कचरा उठाव और नाला उड़ाही पूरी तरह ठप है.कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा टेंडर व एग्रीमेंट के कागजात सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं. पार्षदों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रधान सचिव को प्रतिलिपि भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच करने तथा जांच पूरी होने तक एजेंसी के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की है।



## शहाबुद्दीन पर विवादित बयान देकर फंसे साधु यादव, भड़के राजद नेता अफाक अहमद ने कहा- 'मानसिक संतुलन खो चुके हैं, उनकी जगह पागलखाने में है'

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख़्तर/सीवान।** सीवान के पूर्व सांसद दिवंगत डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन पर पूर्व सांसद साधु यादव द्वारा दिए गए एक विवादित बयान ने बिहार की सियासत में उबाल ला दिया है। इस बयान के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं में भारी आक्रोश है। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश महासचिव अफाक अहमद ने साधु यादव के बयान का पुरजोर खंडन करते हुए उन पर तीखा पलटवार किया है।राजद नेता अफाक अहमद ने



साधु यादव को 'मानसिक रूप से विक्षिप्त' और 'चरित्रहीन' करार देते हुए कहा कि वह अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए इस तरह की घटिया बयानबाजी कर रहे हैं। राजद महासचिव ने सीधा आरोप लगाया कि साधु यादव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर दिवंगत शहाबुद्दीन साहब के खिलाफ जहर उगल रहे हैं।अफाक अहमद ने तंज कसते हुए कहा, 'जब से राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव ने साधु यादव को अपने घर से भगाया है, तब से उनकी राजनीतिक औकात दो कौड़ी की भी नहीं बची है। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही राजनीतिक हताशा के कारण साधु यादव अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। ऐसे समाज में जहर घोलने वाले लोगों की सही जगह सिर्फ पागलखाना है। डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन को एक कद्दावर और लोकप्रिय नेता बताते हुए अफाक अहमद ने कहा कि समाज के हर वर्ग और जाति के लोगों में उनके प्रति आज भी गहरा सम्मान है। राजद नेता ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सुर्खियों में बने रहने के लिए दिवंगत नेताओं पर अनर्गल और अमर्यादित टिप्पणी करना साधु यादव की हताशा को साफ दर्शाता है। सीवान और पूरे बिहार की जनता डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन साहब के खिलाफ एक भी अपमानजनक शब्द बर्दाश्त नहीं करेगी। अफाक अहमद ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि साधु यादव अपने इस अमर्यादित बयान के लिए तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा उन्हें पूरे बिहार में जनता के भारी आक्रोश और कड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा।

### चमकी बुखार व एईएस जागरुकता वाहन को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से गुरुवार को चमकी बुखार, दिमागी बुखार (एईएस) से बचाव एवं जागरुकता अभियान के तहत प्रचार-प्रसार वाहन को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरुकता वाहन प्रखंड के लाला हाता, राछोपाली, जगरनाथपुर एवं श्यामपुर सहित विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को चमकी बुखार और एईएस के लक्षण, बचाव तथा समय पर उपचार के प्रति जागरूक करेगा। इस दौरान ग्रामीणों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, तेज बुखार या असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने की जानकारी दी जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि चमकी बुखार एवं एईएस जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए जन जागरुकता बेहद जरूरी है। जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को बीमारी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है ताकि बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अंजनी कुमार, बीएचडब्ल्यू स्मृति रंजन वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों में तेजी लाने को मुखिया ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** पंचायत में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने के उद्देश्य से मुखिया माधुरी राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों एवं संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में पंचायत क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। मुखिया ने कहा कि पंचायत के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने तथा नई योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुखिया ने स्वच्छता, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल, आवास योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। बैठक में पंचायतवासियों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने पंचायत के विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। मुखिया ने कहा कि पंचायत में विकास की गति को और तेज करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंच सके। बैठक में पूर्व मुखिया सुनील राय,पैक्स अध्यक्ष जलेश्वर पाण्डेय सहित वार्ड पार्षद ,पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विदेशी शराब बरामदगी मामले में आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बांगरा गांव में विदेशी शराब बरामदगी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित बिट्टू कुमार यादव को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने इससे पूर्व उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि एक जून की शाम पुअनि सूर्य कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में संध्या गश्ती एवं वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान ढोलकिया पुल के समीप वाहन जांच के दौरान सूचना मिली कि बांगरा गांव स्थित सरकारी विद्यालय के पास झाड़ियों में शराब छिपाकर उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही एक व्यक्ति हाथ में बोरा लेकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह झाड़ियों का सहारा लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय चौकीदार ने उसकी पहचान बांगरा निवासी बिटु कुमार यादव के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पड़े बोरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बोरे से 750 एमएल की 16 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 12 लीटर बताई गई है। सभी बोतलों पर उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए अंकित पाया गया। पुलिस ने विधिवत जब्ती सूची तैयार कर शराब को अपने कब्जे में ले लिया।

### नाबालिग को बहला कर गायब करने की प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से पढ़ने गई एक 14 वर्षीय छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में छात्रा के पिता ने दो जून को थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि मेरी बेटी 30 मई को विद्यालय में पढ़ने गई थी। विद्यालय की छुट्टी होने के बहुत देर बाद जब वापस नहीं लौटी तो मैंने ढूंढना शुरू किया तभी पता चला कि गांव के ही रहने वाला राजा कुमार मांझी मेरी बेटी को बहला फुसलाकर कहीं चला गया है। जब मैं उसके घर जाकर पूछताछ करने लगा तो इसी बीच वीरेंद्र मांझी,राकेश मांझी एवं घर की महिलाएं मिलकर मेरे साथ झगड़ते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गए। राजा कुमार का मोबाइल बंद है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

### रामगढ़ से 88 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रामगढ़ गांव से भारी मात्रा में देशी और विदेसी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रामगढ़ निवासी एक महिला अवैध शराब का कारोबार कर रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने रामगढ़ गांव स्थित एक घर में छापेमारी की।तलाशी के दौरान घर से 20.44 लीटर विदेसी शराब और 68 लीटर देशी शराब बरामद हुई। कुल 88.44 लीटर शराब जब्त की गई है। मौके से पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला की पहचान रामगढ़ निवासी स्वर्गीय राजेंद्र शाह की पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित महिला के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।

### दो पक्षों के भिड़ंत में पांच घायल,सात नामज़द व 17 अज्ञात पर प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के खानपुर खैरानटी में दोपहर दो जून को दो पक्षों के बीच हुई भिड़ंत में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए थे। इस संदर्भ में दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष से पीड़ित इशहाक आलम का कहना है कि दो जून को अपने पुत्र शाहबाज के साथ बालू गिट्टी खरीदने जा रहा था, तभी मस्जिद के पास लाठी, डंडे, तलवार,गड़ासी एवं फरसा लेकर पूर्व से घात लगाकर बैठे मोहम्मद अलीम उर्फ अच्छन ने अपने स्वजन तथा 10 से 12 अज्ञात लोगों ने हमलोगों पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें हमलोग काफी जख्मी हो गए। राहगीरों ने हमलोगों की जान बचाई। वहीं दूसरे पक्ष से पीड़िता नूरतारा खातून ने आरोप लगाया है कि घटना के दिन इशहाक आलम अपने पुत्र एवं एक रिश्तेदार तथा चार से पांच अज्ञात लोगों के साथ लाठी,डंडा,रॉड एवं तलवार लेकर मेरे घर में घुसकर मेरा बाल पकड़कर मारने लगे,मेरी चीख पुकार सुनकर मुझे बचाने आए मेरे पति एवं पुत्र को हमलावरों ने मारपीट कर ज़ख्मी कर दिया तथा मेरे गले से सोने की चेन एवं अलमारी से दस हजार रुपए नगदी रुपए चुरा लिए। तत्पश्चात हमलोगों का इलाज सीएचसी में हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## सात फरार आरोपितों पर वारंट जारी, जल्द होगी कुर्की

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक को बंधक बनाकर पीट-पीटकर हत्या किए जाने के चर्चित शहजाद अली हत्याकांड में न्यायालय ने सात फरार नामजद आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी का आदेश दिया है। इधर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, लेकिन सभी आरोपित घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार न्यायालय ने शिवराजपुर निवासी परमेंद्र मांझी, मंटू कुमार, गुड्डू मांझी, रंजन चौधरी, अवध किशोर चौधरी, छट्ठू मांझी तथा अमित चौधरी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि शहजाद अली हत्याकांड में सात आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट प्राप्त हो चुका है। यदि नामजद आरोपित शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो न्यायालय के निर्देशानुसार उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में फरार अभियुक्तों को बख्शा नहीं जाएगा। बताते चलें कि 30 मई को शिवराजपुर निवासी शहजाद अली को मोबाइल चोरी के तथाकथित आरोप में घर से बुलाकर बगीचे में ले जाया गया था, जहां उसके हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से पिटाई की गई। गंभीर रूप से घायल शहजाद अली की बाद में मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया था। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में डायल 112 पुलिस टीम के एसआइ संजीव कुमार समेत होमगार्ड के दो जवानों पर सिवान पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआइटी अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है, जबकि सात अन्य नामजद अभियुक्त अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है।

## श्मशान घाट की भूमि पर बढ़ा विवाद, जिला प्रशासन से मांग



**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख़्तर/सीवान।** नगर परिषद क्षेत्र के चकिया स्थित श्मशान घाट की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अंतिम संस्कार में बाधा उत्पन्न होने की शिकायतों के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने गुरुवार को स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से भूमि की पैमाइश, सीमांकन, घेराबंदी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने बताया कि चकिया गांव स्थित खाता संख्या-49, सर्वे संख्या-130 की 12 कठ्ठा 18 धुर भूमि राजस्व अभिलेखों में मुरदघटी (श्मशान घाट) के रूप में दर्ज बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस भूमि का उपयोग अंतिम संस्कार और दफनाने के कार्य के लिए किया जाता रहा है। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए आने पर आपत्ति जताई जा रही है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

निरीक्षण के बाद राहुल तिवारी ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा राजस्व अभिलेखों और विधिक प्रक्रिया के अनुरूप होना चाहिए, ताकि किसी भी पक्ष के अधिकार प्रभावित न हों। ग्रामीणों ने प्रशासन से श्मशान घाट की भूमि की पैमाइश कर सीमांकन कराने, घेराबंदी करवाने और अतिक्रमण की संभावनाओं को रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि स्पष्ट सीमांकन होने से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं होगा और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रह सकेगी। राहुल तिवारी ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी और संबंधित अंचल अधिकारी से बातचीत कर मामले की जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही उचित कदम उठाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करेगा। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद की उपसभापति किरण गुप्ता, भाजपा नेता जयप्रकाश गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष सिंह कुशवाहा समेत चकिया गांव के कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में युवक की हत्या मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना क्षेत्र के हरिहर छपरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को हरिहर छपरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई घटना में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के बड़े भाई राजू कुमार राय ने सिसवन थाना में आवेदन देकर घुरघाट गांव के तीन लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर उनके भाई की हत्या की गई। थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित घुरघाट गांव निवासी अजीत कुमार राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, मामले के दो अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा शेष आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### जमीनी विवाद में युवक की हत्या मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के हरिहर छपरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को हरिहर छपरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई घटना में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के बड़े भाई राजू कुमार राय ने सिसवन थाना में आवेदन देकर घुरघाट गांव के तीन लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर उनके भाई की हत्या की गई। थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित घुरघाट गांव निवासी अजीत कुमार राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, मामले के दो अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा शेष आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### प्रशासन बनाम ग्रामीणों के बीच क्रिकेट मैच आयोजित

**दैनिक खोज खबर/दरौली(सिवान)।** प्रखंड के अगसड़ा में बुधवार की रात 11:30 बजे रामदास लीग प्रीमियम नाइट मैच का आयोजन किया गया। इसमें दरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार,अंचलाधिकारी विद्याभूषण कुमार की अध्यक्षता में प्रशासन बनाम ग्रामीणों के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। प्रशासन ने दो विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर 08 विकेट से मैच जीत लिया।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट में दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महना गांव के दो पक्षों में हुई भूमि विवाद में बुधवार को दोनों पक्ष के बीच मारपीट हो गई ।इसमें दोनों पक्ष से तीन लोग जख्मी हो गए ।इस मामले में दोनों पक्ष ने बुधवार को थाना में प्राथमिकी कराई है ।एक पक्ष के बिगन राय के आवेदन पर शंकर राय , बबीता देवी , काजल कुमारी तथा गोपाल कुमार के विरुद्ध तथा दूसरे पक्ष के शंकर राय के आवेदन पर विकास राय, बिगन राय , पूनम देवी, फूलमती देवी , रेखा देवी तथा शांति कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है ।

## बरात से लौट रही स्कार्पियों में लगी आग

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के दाहा पुल स्थित पटेल चौक के समीप गुरुवार की अहले सुबह बरात से लौट रही एक स्कार्पियो में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और स्कार्पियो धू-धू कर जलने लगी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, चालक की सतर्कता और सूझबूझ से वाहन में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आग लगने के कारणों की जानकारी जुटाई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से बुधवार की शाम एक बरात गोपालगंज जिले के मीरगंज गई थी। विवाह समारोह संपन्न होने के बाद गुरुवार की सुबह बाराती स्कार्पियो से वापस अपने गांव लौट रहे थे। वाहन में चालक समेत करीब आठ लोग सवार थे। इसी दौरान दाहा पुल स्थित पटेल चौक के पास पहुंचते ही अचानक स्कार्पियो के इंजन वाले हिस्से से धुआं निकलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो चालक को जैसे ही वाहन में तकनीकी खराबी का अंदेशा हुआ, उसने बिना देरी किए गाड़ी को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद इंजन से निकल रहा धुआं तेजी से बढ़ने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चालक ने तुरंत वाहन में बैठे सभी यात्रियों को बाहर निकलने को कहा। चालक की तत्परता के कारण सभी लोग सुरक्षित बाहर आ गए। यात्रियों के बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद स्कार्पियो में आग की लपटें आ गया। किसी को वाहन के अंदर रखे सामान को निकालने का भी मौका नहीं मिला।

### बंद बेसमेंट से 36 चोरी की बैटरी बरामद

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा पुलिस ने टोटो ई-रिक्शा बैटरी चोरी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बंद बेसमेंट से 36 बैटरी, 218 बैटरी टिप्पी और कटे हुए तार बरामद किए हैं। मामले में दारौंदा निवासी रविंद्र कुमार समेत अज्ञात चोर गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी की है। पुलिस के अनुसार एक जून की रात गश्ती के दौरान सूर्या रेस्टोरेंट के पास बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर सवार संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा करने पर वह कोरारी खुर्द के समीप स्कूटी छोड़कर फरार हो गया। स्कूटी की तलाशी में एक बड़ा पेचकस मिला। इसके बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट के बेसमेंट के बाहर आठ बैटरियां, 218 बैटरी टिप्पी और कटे हुए तार बरामद किए। संदेह होने पर मकान मालिक को बुलाया गया।

### राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में कविता कुमारी का शानदार प्रदर्शन, जीते दो पदक

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड के उजहरा गांव निवासी रामविलास यादव की बेटी कविता कुमारी ने 29 से 31 मई तक गुवाहाटी (असम) में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक रजत एवं एक कांस्य पदक अपने नाम किया। 19 वीं राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियन जो 29 से 31 भी भोगेश्वरी फीका फूकानानी इंडोर स्टेडियम गुवाहाटी असम में आयोजित हुआ था।कविता कुमारी ने सीनियर 53 किलोग्राम वर्ग में उन्होंने नी-गी ग्रैपलिंग में कांस्य तथा गी ग्रैपलिंग में बंगाल के खिलाड़ी को नाकआउट किया,और हिमाचल के खिलाड़ी को 8-3 से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किए, वहीं डी ग्रेपलिंग में हरियाणा के खिलाड़ी को 9-0 से हराकर रजत पदक हासिल कर बिहार का मान बढ़ाया जहां कविता ने सीमित संसाधनों के बावजूद खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। अब तक वह राष्ट्रीय स्तर पर 35 स्वर्ण, 35 रजत और 25 कांस्य पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर 2026 में आयोजित होने वाली वर्ल्ड ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। कविता न केवल एक सफल खिलाड़ी हैं, बल्कि बालिकाओं को आत्मरक्षा और आत्मविश्वास के लिए निःशुल्क मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण भी देती हैं।

## नौतन : टॉप टेन की सूची में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जिला पुलिस एवं एसटीएफ टीम ने संयुक्त कार्रवाई में नौतन थानान्तर्गत टाप-टेन सूची में शामिल अपराधी सह नौतन थाना क्षेत्र के खलवा निवासी बंटी कुमार सिंह उर्फ श्वेता सिंह को गिरफ्तार किया है। बंटी से पूछताछ कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि तीन जून को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ, जिला असूचना इकाई एवं नौतन थाना पुलिस टीम द्वारा जिला के टाप-टेन अपराधियों में शामिल अपराधी बंटी कुमार सिंह उर्फ श्वेता सिंह को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इसके विरूद्ध जिला अंतर्गत नौतन थाना में रंगदारी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब तस्करी से संबंधित आधा दर्जन से अधिक कांड दर्ज है। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त नौतन थाना कांड संख्या-299/24, दिनांक-26 नवंबर 24 में वांछित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अब तक के ज्ञात आपराधिक इतिहास में नौतन थाना में करीब सात कांड दर्ज है।

## सीवान : 25 सौ लीटर फायर फोम टेंडर वाहन से पाया जाएगा अगलगी की घटनाओं पर काबू

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जिला की अग्निशमन व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिलने जा रही है। अब पेट्रोलियम उत्पादों, केमिकल, और अन्य ज्वलनशील पदार्थों से लगने वाली आग पर भी तेजी से और प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सकेगा। अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में ठोस पहल करते हुए अत्याधुनिक फायर फोम टेंडर वाहन जिले को उपलब्ध हुआ है। जिले में इस वाहन की उपयोगिता काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में फायर फोम टेंडर आग बुझाने की क्षमता को नई मजबूती देगा। सदर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि वाहन में 25 सौ लीटर क्षमता का फोम टैंक आया है। इसके शामिल होने से अग्निकांड और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी। बताया कि फायर फोम टेंडर सामान्य दमकल वाहनों से अलग होता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से पेट्रोल, डीजल क्रूड आयल, गैस, रसायन और अन्य ज्वलनशील पदार्थो से लगी आग बुझाने में किया जाता है। ऐसी आग में केवल पानी का उपयोग कई बार जोखिम बढ़ा सकता है। ज्वलनशील तरल पदार्थ पानी के ऊपर तैरते रहते है। आग फैल सकती है। फायर फोम टेंडर पानी और विशेष फोम कंपाउंड को मिलाकर घना झाग तैयार करता है। यह झाग आग की सतह को पूरी तरह ढंक देता है। यह आक्सीजन की आपूर्ति रोक देता है। आक्सीजन नहीं मिलने से आग तेजी से बुझ जाती है। साथ ही फोम गर्म सतहों को ठंडा करता है। यह खतरनाक गैसों तथा वाष्प को फैलने से रोकता है। विशेषज्ञों के अनुसार तेल और रासायनिक आग से निपटने में फायर फोम टेंडर सबसे प्रभावी अग्निशमन संसाधनों में से एक माना जाता है। बताया कि फायर फोम रात्रिकालीन राहत एवं बचाव कार्यों के लिए हाइमास्ट लाइटिंग टावर की भी व्यवस्था की गई है। इससे अंधेरे में भी प्रभावी ढंग से अग्निशमन अभियान चलाया जा सकेगा।